COMMONWEALTH OMBUDSMAN
OVERSEAS STUDENTS

अंतर्राष्ट्रीय छात्र – लिखित समझौते

यह तथ्य पत्रक आपके और आपके शिक्षा प्रदाता के बीच **लिखित समझौते** के बारे में है। कभी-कभी लिखित समझौते को 'नामांकन समझौता' ('enrolment agreement') या 'प्रस्ताव पत्र' ('letter of offer') भी कहा जाता है।

किसी शिक्षा प्रदाता के साथ नामांकन कराने से पहले आपको उनके साथ एक लिखित समझौते के लिए अपनी स्वीकृति देनी होगी। आपके द्वारा स्वीकृत किया गया लिखित समझौता **आपके और आपके शिक्षा प्रदाता के बीच एक कानूनी अनुबंध** होता है। शिक्षा प्रदाताओं को लिखित समझौते के बिना अंतर्राष्ट्रीय छात्र/छात्राओं का नामांकन करने की अनुमति नहीं है।

मेरे लिखित समझौते में क्या होना चाहिए?

आपके लिखित समझौते में:

- आप जिस पाठ्यक्रम के लिए नामांकन करा रहे/रही हैं, उसकी पहचान की जानी चाहिए
- अंग्रेज़ी की आवश्यकताओं समेत सभी पूर्व-आवश्यकताओं की रूपरेखा दी जानी चाहिए
- आपके नामांकन की सभी शर्तों की रूपरेखा दी जानी चाहिए
- आपको जिन पाठ्यक्रम शुल्कों का भुगतान करना होगा (और किस अवधि में ये ट्यूशन फीसें लागू होंगी), उन्हें अलग-अलग इंगित किया जाना चाहिए
- एसाइनमेंट या परीक्षाओं के पुनराकलन शुल्क, देरी से भुगतान करने के शुल्क और स्थगन शुल्क सहित आपके लिए जो भी गैर-ट्यूशन शुल्कों का भुगतान करने की आवश्यकताएँ हो सकती है, उन्हें अलग-अलग इंगित किया जाना चाहिए।
- प्रदाता की शिकायत और अपील प्रक्रियाओं को शामिल किया जाना चाहिए
- प्रदाता की धन-वापसी (रिफंड) नीति और धन-वापसी (रिफंड) के लिए दावा करने की प्रक्रिया को शामिल किया जाना चाहिए
- प्रदाता द्वारा पाठ्यक्रम उपलब्ध न कराए जाने की स्थिति में क्या होगा, इसके बारे में समझाया जाना चाहिए

हमसे संपर्क करें
ombudsman.gov.au
1300 362 072

GPO Box 442
Canberra ACT 2601

अपने लिखित समझौते के लिए स्वीकृति देने से पहले उसे ध्यान से पढ़ें

अपने लिखित समझौते, भुगतान की रसीदों, तथा आपके और आपके शिक्षा प्रदाता व शिक्षा एजेंट के बीच किसी भी अन्य पत्राचार की प्रतियाँ अपने पास सहेज कर रखें

क्या आपने हमारा वीडियो देखा है? इसे देखने के लिए क्युआर कोड को स्कैन करें

- ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता संरक्षण कानूनों (Australian consumer protection laws) के तहत कार्यवाही करने के आपके अधिकार के बारे में एक वक्तव्य शामिल किया जाना चाहिए।

मुझे अपने लिखित समझौते को ध्यानपूर्वक क्यों पढ़ना चाहिए?

अपने लिखित समझौते को ध्यानपूर्वक पढ़ना और यह सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण होता है कि आप समझौते के नियमों और शर्तों को समझ लें।

समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले फीस के भुगतान और फीस-वापसी (रिफंड) के बारे में जानकारी को पढ़ना विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है, जिससे कि आप यह समझ सकें कि किसी भी बकाया शुल्क के लिए क्या वह प्रदाता संभावित रूप से आपके पीछे लगा रहेगा या पाठ्यक्रम में आपका नामांकन निरस्त किए जाने की स्थिति में क्या वह निरस्तीकरण शुल्क (cancellation fee) लागू करेगा।

अपना पाठ्यक्रम बदलने या इसमें अपना नामांकन निरस्त करने के बारे में कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने लिखित समझौते को पढ़ना और समझना भी महत्वपूर्ण होता है।

क्या मुझे अपने लिखित समझौते की एक प्रति अपने पास रखनी चाहिए?

आपको अपने लिखित समझौते की एक प्रति अपने पास अवश्य रखनी चाहिए। आपको अपने नामांकन के संदर्भ में भुगतान की रसीदों, और अपने प्रदाता तथा शिक्षा एजेंट के साथ ईमेल या अन्य किसी भी माध्यम से किए गए पत्राचार की सभी प्रतियों को अपने पास सहेज कर रखना चाहिए।

यदि आपके पास अपना लिखित समझौता नहीं है, तो अपने प्रदाता से एक प्रति उपलब्ध कराने के लिए कहें।

क्या मेरे लिखित समझौते में परिवर्तन किए जा सकते हैं?

आपके लिखित समझौते में परिवर्तन किए जा सकते हैं। परिवर्तनों को लागू करने से पहले आपको और आपके प्रदाता, दोनों को इन परिवर्तनों के लिए अपनी सहमति देनी चाहिए।

लिखित समझौते में किए गए किसी भी संशोधन पर स्पष्ट रूप से तिथि इंगित की जानी चाहिए, जिससे कि यह स्पष्ट रहे कि कौन से नियम किस समय लागू होते हैं। आपको लिखित समझौते में किए गए किसी भी संशोधन की एक प्रति अपने पास रखनी चाहिए।

छात्र/छात्राओं के लिए सुझाव

निम्नलिखित कार्य करें

- अपने लिखित समझौते के लिए स्वीकृति देने से पहले इसे ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- यह समझना सुनिश्चित करें कि क्या आपके पास फीस-वापसी (रिफंड) का अधिकार होगा, और किन परिस्थितियों में आपके पास यह अधिकार होगा।
- यह पता लगाएँ कि क्या आपको प्रदाता को निरस्तीकरण शुल्क (cancellation fee) का भुगतान करना पड़ेगा, और किन परिस्थितियों में आपको यह भुगतान करना पड़ेगा।

- अपने लिखित समझौते की एक प्रति, अपनी भुगतान की रसीदों, और अपने नामांकन के संदर्भ में अपने प्रदाता तथा शिक्षा एजेंट के साथ ईमेल या अन्य किसी भी माध्यम से किए गए पत्राचार को अपने पास सहेज कर रखें।
- अपने लिखित समझौते में फीस, फीस-वापसी (रिफंड) और निरस्तीकरण (cancellation) से संबंधित हिस्सों पर सावधानीपूर्वक ध्यान दें।

निम्नलिखित कार्य न करें

- अपने लिखित समझौते में दिए गए नियमों और शर्तों को समझे बिना इसके लिए अपनी स्वीकृति न दें।
- शिक्षा एजेंटों, शिक्षा प्रदाताओं या अन्य लोगों द्वारा मौखिक रूप से दी गई ऐसी किसी भी सलाह पर निर्भर न करें जो आपके लिखित समझौते में निर्धारित बातों से अलग हों - विवाद पैदा होने की स्थिति में आपका प्रदाता आपके अधिकारों का निर्धारण करने के लिए लिखित समझौते को ही देखेगा।

लिखित समझौतों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए फीस और फीस-वापसी (रिफंड) के विषय पर हमारा तथ्य पत्रक देखें

और अधिक जानकारी वेबसाइट **ombudsman.gov.au** पर उपलब्ध है।

कृपया ध्यान दें: इस प्रपत्र का उद्देश्य केवल एक निर्देशिका के रूप में मार्गदर्शन करना है। इसलिए व्यक्तिगत मामलों में इस जानकारी पर कानूनी सलाह के रूप में या कानूनी सलाह के एक विकल्प के रूप में निर्भर नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रमंडल लोकपाल कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक इस प्रपत्र पर निर्भरता के परिणामस्वरूप आपको होने वाली किसी भी हानि या क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। उद्धृत अधिनियमों के सबसे अद्यतित संस्करणों के लिए कृपया Federal Register of Legislation देखें।